आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में नार्को समन्वय केंद्र की बैठक आयोजित कर एनडीपीस अधिनियम, के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

2. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को 'आयुष्मान भारत' के तहत सर्वश्रेष्ठ केंद्र शासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

3. हम्फ्रीगंज स्थित 'बलिदान वेदी' पर शहीदों की याद में 82वीं बरसी का आयोजन किया गया है।

4. परिवहन विभाग की ओर से वाणिज्यिक वाहनों में ओवरलोडिंग और अवैध माल ढोने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय में कल नार्को समन्वय केंद्र की बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवम्बर माह में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करना था। बैठक में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के प्रवर्तन और अनुपालन पर विस्तृत चर्चा की गई। संबंधित विभागों को इस अधिनियम के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय मादक पदार्थ हेल्पलाइन 'मानस' –1933 के प्रभावी उपयोग और प्रचार–प्रसार पर चर्चा हुई। इसका उद्देश्य नशीली पदार्थों से संबंधित मुद्दों की रिपोर्टिंग और सहायता के लिए जन जागरूकता बढ़ाना है। विभागों को भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से शपथ लेने और समाज को नशामुक्त बनाने की प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों को NDPS अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने, नशीली दवाओं के मामलों की त्वरित रिपोर्टिंग और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नशीली पदार्थों के नेटवर्क को समाप्त करने के लिए विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने, समय पर सूचना देने और संयुक्त अभियानों के संचालन पर विशेष बल दिया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला बीच प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में कल उपायुक्त कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। पर्यटन निदेशक ने बताया कि कि समिति के अधिकार क्षेत्र में कुल नौ बीच

आते हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि बीच प्रबंधन मास्टर प्लान तैयार करने के लिए स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और न्यू वंडूर से एक–एक बीच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। बीच प्रबंधन योजना के तहत तटों को अलग–अलग गतिविधियों के लिए विभाजित किया जाएगा। इनमें बीच खेल गतिविधियां, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, सामुदायिक क्षेत्र और अन्य गतिविधियां जैसेः स्टार गेजिंग, वाटर स्पोर्ट्स और इंटर–टाइडल वॉक शामिल हैं। समिति ने स्थानीय पंचायती राज संस्थाओं, वन विभाग, ANET, पर्यटन विभाग और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय करके चिन्हित किए गए बीचों का निरीक्षण करने का निर्णय लिया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को 'आयुष्मान भारत' के तहत सर्वश्रेष्ठ केंद्र शासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त हुआ। ओडिशा के भुवनेश्वर में हाल ही में आयोजित 'चिंतन शिविर' के दौरान द्वीपसमूह को 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना– लाभार्थियों का उपचार' श्रेणी के तहत सर्वश्रेष्ठ केंद्रशासित प्रदेश के रूप में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केंद्रशासित प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन और आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिया गया। इसके तहत मुख्य भूमि के अस्पतालों में रेफर किए गए मरीजों के लिए प्रति रेफरल 40,000 रुपये तक की परिवहन सहायता प्रदान की जाती है। इलाज के दौरान होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए 1,000 रुपये प्रति दिन की सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत अब तक 1,659 दावों का निपटारा किया गया।

<><><><><><><>

हम्फ्रीगंज स्थित 'बलिदान वेदी' पर कल सुबह आठ बजे शहीदों की याद में 82वीं बरसी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही स्मारक पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया है। यह दिन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जापानी सैनिकों द्वारा 30 जनवरी, 1944 को जासूसी के झूठे आरोप में 44 निर्दोष द्वीपवासियों की निर्मम हत्या की याद में मनाया जाता है।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग की ओर से वाणिज्यिक वाहनों में ओवरलोडिंग और अवैध माल ढोने पर प्रतिबंध लगाया गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत निर्धारित सीमा से अधिक ओवरलोडिंग और बसों में वाणिज्यिक या ज्वलनशील सामग्री ले जाना

सख्त वर्जित है। विभाग ने सभी वाणिज्यिक वाहन मालिकों, ऑपरेटरों और ड्राइवरों से कहा है कि ओवरलोड वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और वाहन को ज़ब्त किया जा सकता है। बार–बार उल्लंघन करने पर वाहन का परमिट निलंबित या रद्द किया जा सकता है।

<><><><><><>

भारतीय जीव–जंतु कल्याण बोर्ड की ओर से हानिकारक 'मांझा' के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए परामर्श जारी किया गया है। यह परामर्श नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के 2017 के फैसले और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अनुरूप है। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत बोर्ड ने द्वीप प्रशासन से पतंगबाजी में उपयोग होने वाले सभी हानिकारक तेज धार वाले धागों या 'मांझा' के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। इसके अंतर्गत नायलॉन, सिंथेटिक, कांच की कोटिंग वाले, धातु की कोटिंग वाले या किसी भी अन्य धारदार या गोंद वाले धागे पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। प्रशासन ने द्वीपसमूह के निवासियों, विक्रेताओं और आयोजकों से पतंग उड़ाने के लिए केवल सादे सूती धागे का उपयोग करने की अपील की है।

<><><><><><>

एयर ब्रेक स्विच के पुनर्गठन और हाई टेंशन लाइन की सफाईका कार्य किए जाने, बुनियादी ढांचे के रखरखाव और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए 31 जनवरी को सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में लक्ष्मी मोटर, शिवाजी कॉलोनी, टी.आर. हाउसिंग, एम.आर. हाउसिंग, गाराचारमा बस्ती, काली मंदिर, टी.टी.आई. रोड, पंप हाउस, आई.एम.एफ.सी. और गारचारमा का संपूर्ण क्षेत्र शामिल है।

<><><><><><>

एम.वी. स्वराज द्वीप आज सुबह 10 बजे विशाखापत्तनम जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य सुबह आठ बजे से नौ बजे तक चलेगा। जहाज हैडो हैडो जेट्टी से छुटेगा।

<><><><><><>

प्राथमिक स्तर पर पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव ने कल जीडीएमएस, प्राथमिक स्कूल में 'टेंट लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे। शिक्षा निदेशालय के तहत राज्य पुस्तकालय द्वारा स्थापित इस टेंट लाइब्रेरी का उद्देश्य जमीनी स्तर पर बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर उनमें पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित

करना है। इस अवसर पर आयुक्त–सह–सचिव ने छात्रों के साथ बातचीत की और टेंट लाइब्रेरी की सुविधाओं का जायजा लिया। शिक्षा निदेशक ने राज्य पुस्तकालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए प्राथमिक स्तर पर पठन संस्कृति को मजबूत करने के लिए ऐसी रचनात्मक पहलों के महत्व पर जोर दिया। यह पहल छात्रों के बीच साक्षरता और आजीवन सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा निदेशालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

मत्स्य विभाग द्वारा मायाबंदर में करोड़ों रूपये की लागत से स्मार्ट और एकीकृत फिशिंग हार्बर परियोजना को मंजूरी देने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने आज होने वाले बीटिंग द रिट्रीट समारोह के समाचार को भी प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने द्वीपसमूह को निपाह वायरस से बचाने के लिए हवाई अड्डे और बंदरगाहों पर यात्रियों की जांच करने के अनुरोध के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने लिटिल अंडमान के आर पुर बांध स्थल पर मोटर रहित जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने के समाचार को अपने अखबार के पहले पन्ने पर जगह दी है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने जी डी एम एस स्कूल में टेंट लाइब्रेरी के उद्घाटन के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>